# कपासन में तालाब का पानी लाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

## कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या की जानकारी देकर मांगें रखी

**कपासन, (निसं)।** कस्बे की पेयजल समस्या और तालाब में पानी लाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के सदस्य महिला-पुरुषों ने सोमवार को चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें समस्या की जानकारी देकर अपनी मांगें रखी।




कपासन में तालाब का पानी लाने की मांग को लेकर लोगों ने चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

- **राजेश्वर सरोवर तालाब में बनास नदी से बनी फीडर से पानी लाने और मातृकुंडिया डैम से नई फीडर बनवाने की मांग**

कस्बे की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए राजेश्वर सरोवर तालाब में बनास नदी से बनी फीडर से पानी लाने और मातृकुंडिया डैम से नई फीडर बनवाने की मांग को लेकर सोमवार को कई महिला पुरुष बस से चित्तौड़गढ़ पहुंचे और वहां कलेक्ट्रेट के बाहर अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर पीयूष सामरिया से मिलकर कस्बे के तालाब में पानी नहीं आने से पेयजल समस्या के बारे में बताया और समस्या के निराकरण के लिए राजसमंद जिले के बनास नदी से आने वाली फीडर से पानी लाने और मातृकुंडिया डैम से नई फीडर बनाकर पानी लाने की मांग की गई।

कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में महिला पुरुषों ने अपनी मांगों के संबंध में मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम अभिषेक गोयल को दिया। इस समस्या को लेकर पूरा कपासन बंद रहा। साथ ही पहले दो तीन दिन से कपासन में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था और सोमवार को चित्तौड़गढ़ जाकर प्रदर्शन कर कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या बताई। हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दौरे में कपासन कस्बे की पेयजल समस्या के निराकरण पूरी के लिए जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर मातृकुंडिया डेम से तालाब भरने की बात कही थी, लेकिन पूर्व में सिंदेसर फीडर से आने वाला पानी भी बंद हो गया है। मातृकुंडिया से कपासन तक आने वाले समीप स्थित इस फीडर को कई लोगों ने बंद कर दिया है इसलिए पानी नहीं आ पा रहा है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि सिंदेसर फीडर के अलावा डिंडोली गांव के पास गणेशपुरा की नहर से पानी लाया जा सकता है या गणेश पुरा से दोवनी होते हुए भी पानी की आपूर्ति की जा सकती है। उन्होंने शीघ्र ही राजराजेश्वर तालाब और धमाणा तालाब को भरने की मांग की है और चेतावनी दी है कि सात दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर कपासन की महिलाएं और नगरवासी पांच बत्ती चौराहे पर भूख हड़ताल करेंगे। वर्तमान में जलदाय विभाग द्वारा एक दिन छोड़कर एक दिन मुश्किल से लगभग पौन घंटे के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

# पट्टे बनवाने की मांग को लेकर पार्षदों ने प्रदर्शन किया



पट्टे बनाने की मांग को लेकर पार्षदों ने नगर परिषद में सभापति के चैम्बर के सामने प्रदर्शन किया।

**चूरू, (कासं)।** एक प्रकार से चूरू में सभापति पायल सैनी के खिलाफ खुद कांग्रेस के पार्षदों ने ही विरोध प्रदर्शन करके भाजपा द्वारा उन पर लगातार लगाए जा रहे गम्भीर आरोपों की पुष्टि कर दी है। उधर 6 माह में चूरू कलैक्टर को 4 बार ज्ञापन देने के बाद भी पट्टे नहीं बनना नागरिकों के साथ अन्याय और मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ मजाक है।

सोमवार को वार्ड संख्या 2 व 4 में पट्टे बनाने की मांग को लेकर पार्षद अंजनी शर्मा के साथ कांग्रेस के पार्षदों ने नगर परिषद में सभापति के चैम्बर के सामने बैठकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और नगर परिषद् आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने 15 दिन में पट्टे बनाने का आश्वासन दिया। इसके बाद वार्ड पार्षद अंजनी शर्मा व पार्षद हुस्ना बानो के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि नगरपरिषद् कर्मचारी विकास देव द्वारा हमारी फाइलों पर अभी तक रिपोर्ट नहीं की गई। ना ही हमारी फाइल बता रहा है। पिछले 6 महीनों में आपको 4 बार ज्ञापन देने के लिए आ चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। संबंधित कर्मचारी को पाबंद करने और उस पर नोटिस की कार्रवाई कर पट्टे की प्रक्रिया को जल्द ही शुरू करवाया जाए। अन्यथा मजबूरन हमें आन्दोलन करना पड़ेगा।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में यूनुस खान, भंवरलाल सोनी, सुनील जालूका, युसूफ, हेमराज सैनी, इब्राहिम, गुलाम मोहम्मद, नीरज, असगर खान, सत्तार, दिलीप कुमार, बनवारी लाल, गोरूराम, लादूराम, संतलाल, फुलेखां, सुल्तान, आमिन, जाफर, फारुख, साजिद, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे। कुल मिलाकर प्रशासन और कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा किए जा रहे दावों की पोल खुल गई है।

# जेल में बंद आरोपी को वी.सी. के जरिए सुनाई सजा

- **बोलेरो चोरी के दस साल पुराने मामले में तीन साल का कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया**

**सुजानगढ़, (निसं)।** बोलेरो चोरी के दस साल पुराने मामले में एसीजेएम नवनीत अग्रवाल ने अजमेर जेल में बंद आरोपी कुलदीप उर्फ टीकू को तीन साल के कारावास एवं बीस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सुजानगढ़ न्यायिक इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी आरोपी को विडियो कॉन्फ्रेन्सिग के जरिए सजा सुनाई गई है।

अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा ने बताया कि 19 फरवरी 2013 को दीपसिंह राजपूत निवासी घाटवा, पुलिस थाना चितावा जिला नागौर ने सालासर थाने में रिपोर्ट दी कि गांव बामणियां में सुल्तानसिंह राजपूत के घर के आगे से किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी बोलेरो कार चोरी कर ली। एक मार्च 2013 को नीमकाथाना में प्रोपर्टी डीलर सुआलाल जाखड के साथ हुई लूट में उक्त चोरीशुदा बोलेरो काम में ली गई। नीमकाथाना पुलिस ने लूट की वारदात में काम ली गई बोलेरो को जब्त करते हुए उसमें सवार आरोपी कुलदीप उर्फ टीकू पुत्र अमरसिंह निवासी सुभाष मंडी, नीमकाथाना, मनोज उर्फ डोल्डा पुत्र होशियारसिंह निवासी जोधपुरा, उदयपुरवाटी, सोहनलाल उर्फ सोनू पुत्र सुबेसिंह जाट निवासी कैरवाली, पुलिस थाना सदर, सीकर को गिरफ्तार किया।

जिनके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया। प्रकरण में आरोपी मनोज व सोहनलाल फरार हो गए। एसीजेएम नवनीत अग्रवाल ने पत्रावली पर उपलब्ध मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद आरोपी कुलदीप उर्फ टीकू को विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए तीन वर्ष के साधारण कारावास एवं बीस हजार रूपये के जुर्माने तथा अदम अदायगी नहीं होने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। आरोपी कुलदीप उर्फ टिंकू के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, अपहरण, लूट, धोखाधडी, मारपीट के 23 मुकदमें दर्ज है। प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा ने पैरवी की।

## डूबने से नाबालिग की मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** शहर के एक लड़के की स्विमिंग पुल में नहाने के दौरान मौत हो गई। लाडनूं थाने के हैड कांस्टेबल गजेन्द्रसिंह ने बताया कि कुणाल पुत्र प्रेमसुख नाई उम्र 17 वर्ष निवासी रेलवे फाटक नं. 3 सुजानगढ़ अपने ननिहाल बाडेला आया हुआ था। कुणाल बाडेला में स्थित स्विमिंग पुल में नहाने के लिए गया था, जो कि वहां डूब गया। जिस पर वहां उपस्थित लोगों ने उसे आनन-फानन में लाडनूं के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हैड कांस्टेबल गजेन्द्रसिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के आने पर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

# बिल्डिंग निर्माण में काम करने वाले मजदूर की करंट से मौत

## परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार से पैसा मांगने पर उसे धक्का दिया था

**कोटा, (निसं)।** विज्ञान नगर थाना क्षेत्र में बिल्डिंग निर्माण में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मजदूर करंट की चपेट में आया। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार से पैसा मांगने पर उसे धक्का दिया। इसके बाद वो नीचे पड़े बिजली के तार पर जा गिरा। अचेत हालात में उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल लाया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

पोस्टमार्टम के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है। कुंवर सिंह (34) करौली जिले का रहने वाला था। मार्बल फिटिंग का काम करता था। चचेरे भाई वीपी सिंह ने बताया कि 3 महीने पहले ही कुंवर सिंह मजदूरी के लिए कोटा आया था। ठेकेदार के पास काम करता था। विज्ञान नगर इलाके में एक कोचिंग की बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। ठेकेदार ने तीन महीने से कुंवर सिंह को भुगतान नहीं दिया। पिछले तीन-चार दिन से कुंवर सिंह गांव भेजने के लिए ठेकेदार से मजदूरी का भुगतान मांग रहा था। रविवार रात को ठेकेदार ने ढाई बोतल शराब व मीट लेकर आया। रात साढ़े 9 बजे करीब साइट पर 4-5 लेबर ने पार्टी की।

वीपी सिंह ने कहा कि कुंवर सिंह शराब के नशे में था उसके पीठ पर धक्का मारा। जिससे वो नीचे पड़े तार से करंट की चपेट में आ गया। लकड़ी पर दो कील पर बिजली का तार लगा हुआ था। अचेत हालत में मौके पर मौजूद लेबर उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचीं। जहां उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त मौके पर मौजूद साले पुरुषोत्तम ने बताया की हम तीन चार महीने से ठेकेदार के पास काम कर रहे है। रात को ठेकेदार ने दारू मीट की पार्टी दी थी। मौके पर 6-7 जने थे। ठेकेदार मजदूरी के पैसे नहीं दे रहा था। जैसे में बाहर निकला कुंवर सिंह नीचे पड़ा हुआ था। ठेकेदार शेर सिंह ने बताया रात को घर पर खाना खाने बैठा था। उसी समय लेबर ने फोन कर कुंवर सिंह के करंट लगने की बात बताई। तुरंत मौके गया।

कुंवर सिंह को इलाज के लिए हॉस्पिटल लाए। लेबर को पैसा नहीं देने की बात झूठी है। मेरे पास 20 से ज्यादा लेबर काम करती है। एक ही आदमी के पैसे क्यों रोकूंगा। करंट कैसे लगा इस बारे में जानकारी नहीं है। मैंने शराब व मीट पार्टी भी नहीं दी। में शराब नहीं पीता। विज्ञाननगर थाना सीआई देवेश भारद्वाज ने बताया कि रात को बिजली के बोर्ड में करंट आने से लेबर की मौत हुई है। परिजन व दोस्त साथ ही थे। परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया है, उस सम्बंध में जांच की जाएगी।

## कुंड में डूबने से युवक की मौत

**कोटा, (निसं)।** जिले के देवलीमांझी थाना क्षेत्र के चौमा स्थित चोमेश्वर महादेव मंदिर के कुंड में नहाते समय डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची निगम की रेस्क्यू टीम ने 35 मिनट में स्कूबा डाइविंग कर शव को बाहर निकाला। पवन कुमार सैनी (18) सांगोद से भाई व दोस्तों के साथ कावड़ यात्रा में चौमा आया था। भाई व अन्य दोस्तों के साथ कुंड में नहा रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहराई में चला गया।

देवली मांझी थानाधिकारी जगदीश राय ने बताया कि करीब 50 युवकों की कावड़ यात्रा सांगोद से चौमा महादेव मंदिर पर दर्शन करने आई थी। सभी कावड़ यात्री मन्दिर के पास स्थित कुंड में नहा रहे थे। इस दौरान सांगोद निवासी पवन कुमार सैनी भी अपने भाई यशपाल व अन्य साथियों के साथ कुंड में बनी सीढ़ियों पर बैठकर नहा रहा था। सम्भवतया: उसका पैर फिसल गया जिससे वह गहराई में चला गया। नहाने के बाद जब उसका भाई यशपाल और दोस्त बाहर निकले तो पवन नहीं दिखा। लोगों ने आसपास तलाश किया। इसके बाद कावड़ यात्रा में शामिल लोगों ने मौके पर मौजूद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने कोटा निगम की रेस्क्यू टीम को सूचना दी और अपने स्तर पर कुंड में इंजन लगाकर पानी को तोड़ने का प्रयास किए। ग्रामीणों की मदद से युवक की कुंड में तलाश जारी रखी गई। काफी मशक्कत के बाद भी युवक का का पता नहीं चला। बाद में कोटा से पहुंची निगम की रेस्क्यू टीम ने कुंड में स्कूबा डाइविंग की मदद से शव को बाहर निकाला। कनवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव का पोस्टमार्टम करवाया।

# चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** झीलवाडा गांव में हुई पानी की मोटर चोरी करने के आरोप में चारभुजा पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया।

चारभुजा थाना अधिकारी कैलाश सिंह चौहान ने बताया कि मुकेश कुमार पिता मोहनलाल शर्मा निवासी झीलवाडा ने रिपोर्ट दी कि हमारे डेरायो का रहट पर एक कुआं 8 भाईयों के सामलाती है जिसमें पीलाई हेतु मैने तथा मांगीलाल पिता मोहनलाल, नारायणलाल पिता शवजी, शम्भुलाल पिता बाबुलाल, घीसीबाई ने इलेक्ट्रीक मोटर लगा रखी थी। आज सुबह मैने कुएं पर जाकर देखा तो कुएं में लगी हुई मोटरें हमारी 5 जनों की कुएं से गायब थी। थाना सर्कल में चोरी व नकबजनी की वारदातों को रोकने के लिये पुलिस उप अधीक्षक वृत कुम्भलगढ शिवप्रकाश के निर्देश पर कैलाशसिंह थानाधिकारी द्वारा पुलिस की टीम का गठन किया। थाना सर्कल व आसपास के क्षेत्रों में पूर्व में हुई चोरियों में लिप्त अभियुक्तगण से पूछताछ की गई।



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पानी की मोटरें बरामद की।

पुलिस ने उक्त वारदात में चेतन पिता अर्जुन माली निवासी मालीयो का बाग झीलवाडा, किशन पिता रामलाल भील निवासी बणाचोक झीलवाड़ा को डिटेन कर थाने पर लाकर पूछताछ की तो चैतन माली व किशन भील ने ही करीब 20 दिन पूर्व मुकेश कुमार पिता मोहनलाल शर्मा निवासी ब्रहम्पुरी झीलवाडा के शामिल खेत पर कुएं पर लगी पानी की मोटर चोरी करना कबूल किया। जिस पर आरोपी चेतन माली व किशन भील को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से पानी की पांच मोटरें बरामद की। घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल जप्त की गई।

अभियुक्तगण चेतन माली व किशन भील ने थाना सर्कल में अन्य चोरीयां करना बताया जिससे अन्य वारदातों के सम्बन्ध में भी पूछताछ जारी है। कार्यवाही करने वाली टीम में कैलाशसिंह थानाधिकारी, मूलसिंह हरिसिंह, अनिल कुमार, रामकरण आसूचना अधिकारी, नागेश कुमार, मदनसिंह, शिवदर्शन मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो युवकों दर्दनाक की मौत

- **आसींद से काम से लौट रहे थे, वाहन ने टक्कर मारी**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के बदनोर मार्ग पर सबलसागर सड़क हादसे में दो परिवारों के घरों का चिराग बुझ गया। रात करीब 11 बजे बदनोर निवासी सूरज पुत्र गोपाल सिंह कच्छावा व मनीष सिंह पिता अमर सिंह रावणा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार आसींद से काम से लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक को घसीटता हुआ दूर तक ले गया। सड़क के पास से गुजरने वाले लोग मौके पर पहुंचे और बदनोर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने तक बाइक चालक सूरज व मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। सूरज अपने घर का इकलौता कमाने वाला वारिस था। उसे बदनोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मृत युवक सूरज आसींद व मनीष भीम में नौकरी करता था, हमेशा की तरह काम खत्म होने पर घर आ रहा था तभी हादसा हो गया।

घटना देर रात की बताई गई। सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन सूरज वह मनीष के शव को लेकर अपने अपने घर पहुंचे। घर आंगन में जवान बेटे के शव को देखकर माता-पिता के साथ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। जिसे भी घटना की जानकारी मिली अपने आंसू नहीं रोक पाए गमहीन माहौल में सोमवार दोपहर अंतिम संस्कार किया गया।

# वाहन ड्राइवरों से लूट के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों ने बताया कि मौज शोक पूरा करने के लिए वारदात करते थे

**डूंगरपुर, (कासं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने झाफरा मोड़ पर रात के समय पथराव कर वाहन ड्राइवरों से लूट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों के कब्जे से एक इको कार भी जब्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

सीमलवाडा डीएसपी रामेश्वरलाल ने बताया कि पुचियावाडा निवासी ईश्वर पुत्र मावजी मीणा ने 22 जुलाई को मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि 21 जुलाई की रात को वह ट्रक लेकर अहमदाबाद से सागवाडा जाने के लिए निकला था। धम्बोला थाना क्षेत्र के झाफरा मोड़ पर एक इको कार से 5 बदमाश पाइप और लट्ठ लेकर सड़क पर आए और ट्रक के आगे आकर रुकवा लिया। ट्रक रुकने पर सभी बदमाश केबिन में घुस गए और शराब के लिए पैसे मांगने लगे और उससे मारपीट की। वहीं शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर जबरदस्ती जेब से नकदी और आधार कार्ड ले लिया। वहींए ट्रक के शीशे फोड़ दिए। इसके बाद बदमाशों ने पीछे आ रही दो कारों पर भी पथराव किया और इको कार में फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सोमवार को सूचना मिली की पथराव करने वाले बदमाश इको गाड़ी लेकर घूम रहे हैं और गुजरात की तरफ जाने वाले हैं। पुलिस ने मांडली में नाकेबंदी शुरू कर दी। इस दौरान नाकेबंदी को देखकर बदमाश गाड़ी को घुमाकर भागने लगेए लेकिन पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ लिया। इको कार में 5 लोग सवार थे।



रात के समय पथराव कर वाहन ड्राइवरों से लूट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **आरोपियों के कब्जे से एक इको कार भी जब्त की**

पुलिस ने पांचों को हिरासत में लिया और गाड़ी को जब्त करके थाने लेकर आए। पांचों युवकों ने घटना को करना कबूल कर लिया है। पुलिस ने गंधवा निवासी लाला उर्फ प्रेमशंकर तराल जीवा पुत्र अर्जुन अहारी, अशोक पुत्र गोपाल कोटेड, विनोद पुत्र बापूलाल रोत और विपिन पुत्र वीरचंद रोत को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया की मौज शोक पूरा करने के लिए वे वारदातों को अंजाम देते थे।

## दो क्विंटल डोडा-चूरा सहित दो जने गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी कार से दो क्विंटल डोडा-चूरा बरामद किया है। तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए कार में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे थे। दोनों तस्कर जोधपुर जिले के निवासी है। पुलिस इनसे तस्करी के नेटवर्क के बारें में पूछताछ में जुटी है।

मंडाना थाना एसएचओ श्यामा राम ने बताया कि एनएच 52 कोटा झालावाड़ फोरलेन पर चेकिंग के दौरान झालावाड़ की तरफ से एक सफेद रंग की कार आते हुए नजर आई। जिसको रुकवाने की कोशिश की। कार ड्राइवर ने पुलिस को देखकर गाड़ी को दौड़ाया। पुलिस की टीम ने बमुश्किल कार को रुकवाया। पूछताछ में कार सवार ने अपना नाम मांगीलाल (42) निवासी लोहावट व धीमाराम (40) निवासी विश्नोईयों की ढाणी थाना ओसियां जिला जोधपुर बताया। उनकी कार की तलाशी में 2 क्विंटल 20 किलो डोडा-चूरा मिला। उनकी गाड़ी से झालावाड़, जोधपुर व जयपुर नम्बर की नम्बर प्लेट मिली। तस्कर पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट कार में लगाते थे।

# फुलेरा में आई फ्लू संक्रमण ने पैर पसारे

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले करीब एक सप्ताह से लोगों की आंखों में आई फ्लू संक्रमण का असर देखा जा रहा है। आई फ्लू का प्रकोप लगभग सभी आयु वर्ग के लोगों पर हो रहा है। इसका सीधा उदाहरण बाजारों में संक्रमण से बचाव के लिए लोग चश्मा लगाकर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं।

- **बाजारों में संक्रमण से बचाव के लिए लोग चश्मा लगाकर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं**



उपजिला अस्पताल में मरीज की जांच करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ।

उपजिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू ने बताया कि आई फ्लू आंखों से जुड़ा एक संक्रामक रोग है जो एक संक्रमित व्यक्ति की आंखों में देखने मात्र से ही दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में फैलता है। कस्बे में बड़ी संख्या में तेजी से फैल रहा है। यह वायरल से संबंधित रोग है, आंखों से जुड़ी संक्रामक रोग से 2 से तीन दिन तक तो रोगी का बुरा हाल हो जाता है, आंखें लाल रहती है, आंखों में सूजन आ जाती है, आंखों में दर्द व खुजली भी होती है। अधिकतर यह रोग आंखों के सफेद भाग में होता है। इस रोग को कंजेक्टिवाइटिस और पिंक आई के नाम से जाना जाता है। यह वायरस बरसात के मौसम में ही सक्रिय होता है। हालांकि यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है। यह बीमारी मात्र चार पांच दिन में ही ठीक हो जाती है। इसके बचाव के लिए हमें लापरवाही से बचना चाहिए। साथ ही चिकित्सक की सलाह आवश्यक रूप से लेनी चाहिए।

प्रभारी ने बताया कि प्रभारी ने बताया कि उप जिला अस्पताल में रोजाना करीब 100 से अधिक मरीज आई फ्लू के संक्रमण से ग्रसित आ रहे हैं। गौरतलब है कि इसके अलावा अन्य निजी चिकित्सालय में भी अपना इलाज करवा रहे है। फुलेरा उप जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. भामू ने आई फ्लू के बचाव हेतु उपचार बताया कि हमें अपने हाथों को साफ सुथरा रखना चाहिए। साथ ही साबुन से बार-बार हाथ धोना, वहीं साफ तौलिए का इस्तेमाल करने एवं अपनी आंखों को आराम से सूखे और साफ तौलिए से पौंछना चाहिए।